**खबर संक्षेप**

## मंडला सांसद ने हीरो कम्पनी विडा बाइक का किया शुभारंभ



**मण्डला।** गुरूवार को कटरा रोड़ स्थित शुभा हीरो एजेंसी में विडा ई-बाईक का शुभारंभ किया गया। यहां पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं जिले के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने शुभारंभ अवसर पर कहा कि पर्यावरण और धन की बचत को लेकर ई-बाईक चलन तेजी से बढ़ा है ऐसे में हीरो कम्पनी की विडा ई बाईक के आ जाने से लोगों को तेजी से राहत मिलेगी समय पेट्रोल के साथ धन की बचत होगी। इस दौरान शुभा हीरो एजेंसी के संचालक संजय तिवारी ने ई बाइक की खूबियों को बताया कि पर्यावरण के हित में आज ई बाइक का चलन है। बता दें कि हीरो मोटोकॉर्प के इलेक्ट्रिक सब-ब्रांड, विडा ने अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर वी1 को दो नए कलर ऑप्शन में पेश किया है। विडा वी1 में अब दो नए रंगों सियान और ब्लैक में भी मिलेगी। अभी तक विडा वी1 प्लस ने सिर्फ सफेद और लाल रंग में पेश किया जाता था जबकि वी1 प्रो को सफेद, लाल और नारंगी रंग में पेश किया जाता था। नई कलर स्कीम से स्कूटरों की ऑन रोड अपील बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, सियान कलर स्कीम स्कूटर को अन्य इलेक्ट्रिक स्कूटरों की तुलना में भीड़ से अलग कर सकती है। विडा किफायती, मध्यम और प्रीमियम सेगमेंट में स्कूटर लॉन्च करने की योजना बनाई है। कंपनी एक नई आक्रामक रणनीति के तहत साल भर में इन्हें लॉन्च करने की योजना बना रही है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, समाजसेवी डॉ उपेन्द्र शुक्ला, आईडीव्हीआई के मैनेजर विजेन्द्र शर्मा, पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, भाजपा नेता जयदत्त झा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, वरिष्ठ भाजपा नेता विनय मिश्रा, प्रफुल्ल मिश्रा, श्रीमति डॉ रश्मि बाजपेयी, पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय नेता फग्गन सिंह कुलस्ते ने ई बाईक को चलाया और बाईक की खूबियों को जाना इस दौरान उन्होंने दो ग्राहकों को ई बाईक की चाबी भी सौंपी। साथ ही यहां पर भगवान श्री गणेश की पूजन अर्चन की गई। इस दौरान अजय अनुरूद्र तिवारी, संजय तिवारी, मनोज तिवारी के साथ नगर के गणमान्य नागरिक पत्रकार व समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

## अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी शिविर में पहुँचे 151 आवेदक

# अनुकम्पा नियुक्ति शिविर एक सराहनीय प्रयास

*** शिविर में 2 आवेदकों को प्रदान किए गए नियुक्ति पत्र।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





अनुकंपा नियुक्ति के लम्बित प्रकरणों के निराकरण तथा वर्तमान स्थिति से आवेदकों को अवगत कराने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। जिला योजना भवन में आयोजित इस शिविर में 151 आवेदक उपस्थित हुए। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट एवं अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह की उपस्थिति में सभी आवेदकों को उनके आवेदन की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया तथा आवेदकों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए समय सीमा बतलाई गई। इस शिविर में 2 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण करते हुए पात्र अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति आदेश प्रदान किए गए। इस दौरान सभी विभागों के जिलाधिकारी, शाखा प्रभारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

शिविर में लगाए गए विभागवार काउंटर्स में आवेदकों को अनुकम्पा नियुक्ति के लिए पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, जिले में रिक्त पदों की स्थिति से अवगत कराया गया। पात्रता की शर्तें पूरी नहीं करने अथवा वांछित पद रिक्त न होने की स्थिति पर आवेदकों को आवेदित पद बदलने सहित अन्य विकल्पों के चयन के लिए अवसर प्रदान किए गए।



### शिवम तथा योगेन्द्र को प्रदान किए गए नियुक्ति पत्र

जिला योजना भवन में आयोजित अनुकम्पा नियुक्ति से संबंधित शिविर में 2 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण करते हुए आवेदकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। जानकारी के अनुसार शिवम कछवाहा पिता स्व. शिवनंदन कछवाहा निवासी चिरईडोंगरी नैनपुर तथा योगेन्द्र सिंह मार्को पिता शैलेष मार्को निवासी आंगन तिराहा महाराजपुर मंडला के प्रकरणों की समीक्षा तथा अनुकम्पा नियुक्ति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार शिविर स्थल पर ही दोनों आवेदकों को सामाजिक न्याय विभाग में सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई। दोनों आवेदकों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने उनसे ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करने की समझाईश दी।

### धन्यवाद.. जिला प्रशासन

आज सम्पन्न हुए शिविर में आवेदकों को वर्षों से लम्बित उनके प्रकरणों की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त होने पर उन्होंने जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इसे एक सराहनीय पहल बतलाया है। आवेदक संदीप कुमार नंदा ने बतलाया कि शिविर में समक्ष में चर्चा की गई, प्रकरण में जो भी दस्तावेजों की आवश्यकता थी मेरे द्वारा तत्काल प्रस्तुत कर दिए गए हैं, रिक्तियाँ होने पर मुझे तत्काल नियुक्ति मिलेगी। इसी प्रकार राजेश कुमार मरावी ने बताया कि मेरे प्रकरण में सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं जल्द ही मुझे नियुक्ति प्रदान करने का आश्वासन दिया गया है। इसी प्रकार रविन्दा नेताम सहित अन्य आवेदकों ने भी शिविर के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब विश्वास हो गया है कि जल्द ही हमें नियुक्ति प्राप्त होगी।

### नियमित कार्यवाही का कल्चर बनाएं-कलेक्टर

शिविर में की गई कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि भविष्य में अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकृत करें। इस संबंध में नियमित रूप से कार्यवाही करने का कल्चर तैयार करें। आवेदक को पात्रता और नियमों से स्पष्ट रूप से अवगत कराएं। रिक्तियाँ प्राप्त होते ही आवेदकों को पात्रतानुसार नियुक्ति प्रदान करें। जिन प्रकरणों में आवेदक ने पद बदलने के लिए अपनी सहमति दी है उन पर तत्काल कार्यवाही करें। कलेक्टर ने भोपाल में लम्बित प्रकरणों का लगातार फॉलोअप करते हुए एक सप्ताह में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## विधायक पट्टा ने जिले की शिक्षा व्यवस्था का मुद्दा विधानसभा में उठाया

*** जिले में संलग्नीकरण की मांगी जानकारी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले के बिछिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक नारायण सिंह पट्टा ने जिले के शासकीय स्कूलो मे चल रही संलग्नीकरण प्रक्रिया, रिक्त, शिक्षकों की कमी, शिक्षकों गैर शिक्षकीय कार्य मे लगाना आदि बहुत से मुद्दों को विधानसभा सभा मे उठा है। श्री पट्टा द्वारा विधानसभा में जिले में प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षकों के कितने पद स्वीकृत है एवं कितने भरे हुए है, अलग-अलग बतायें ? शिक्षकों की कमी की पूर्ती हेतु गत 5 वर्षों में क्या प्रयास किये गये है? कितने नये शिक्षकों की भर्ती की गई है ?

जिले में गणित और विज्ञान के शिक्षकों/व्याख्याता के स्वीकृत व भरे एंव रिक्त पदों की जानकारी देवें? इनमें से कितने शिक्षक/व्याख्याता अध्यापन कार्य छोड़कर अन्य प्रशासनिक कार्यों में संलग्न है? उनके नाम व वर्तमान में उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी देवें? इनके संबंध में विभाग के क्या दिशा निर्देश है? क्या आयुक्त आदिवासी विकास म०प्र० द्वारा आदेश क्र./ शि.स्था. /12/2011/946 दिनांक 06.01.2012 के माध्यम से गणित व विज्ञान शिक्षक/व्याख्याता अन्य कार्यो से वापस करने हेतु आदेशित किया गया था? यदि हाँ तो वर्तमान में जो गणित व विज्ञान के शिक्षक/व्याख्याता अध्यापन कार्य के अलावा कार्य में संलग्न है, क्या उन्हें विभाग द्वारा एनओसी दी गई है, यदि हाँ तो सभी एनओसी की प्रति उपलब्ध कराएं ? उनकी सेवाए कब तक वापस कर मूल कार्य में भेजा जायेगा ?

वर्ष 2023-24 के मण्डला जिले का गणित व विज्ञान के व परीक्षा परिणाम की जानकारी देवें? क्या गत वर्षों की तुलना के परिणाम में गिरावट आई है ? यदि हाँ तो गणित व विज्ञान के शिक्षकों/व्याख्याता को अन्य कार्यों से वापस कर मूल अध्यापन कार्य में कब तक भेजा जायेगा ?

बिछिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक नारायण सिंह पट्टा ने विधानसभा मे तारांकित प्रश्न कर जानकारी मांग करते हुए, इन समस्याओं के निराकरण की जानकारी मांगी है।

ज्ञात हो कि ग्रामीण क्षेत्रों की शालाओं में एक तो शिक्षकों की वैसे ही कमी है उसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थ शिक्षकों को जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालयों में संलग्न कर दिया जाता है जिससे न केवल शिक्षण कार्य प्रभावित होता है वरन् गणित और विज्ञान के शिक्षकों के न होने से इन विषयों का अध्यापन पूरी तरह ठप्प होता जा रहा है यही कारण है कि 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम प्रभावित हुये है जब विषय विशेषज्ञ के शिक्षक ही शिक्षण कार्य छोड़कर दूसरे कर्य में संलग्न रहेंगे तो फिर कैसें छात्रों को पढ़ा सकेंगे।

## 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



शासन के निर्देशानुसार नगर परिषद भुआ बिछिया क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 13 में पुराने फ्लिटरप्लांट के समीप वृहदस्तर पर वृक्षारोपण कार्य किया गया जिसका मुख्य उद्देश बढ़ते तापमान स्तर को देखते हुये पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर मध्य प्रदेश शासन की पहल "एक पेड़ मॉ के नाम" के तहत प्रत्येक व्यक्तियों के द्वारा एक पौधा रोपण कर उसकी सुरक्षा करते हुये तैयार किया जाना हैं इसी तर्ज पर कलेक्टर मंडला के निर्देशन में नगर के समस्त निकायों में वृक्षा रोपण कार्य किया जा रहा हैं निकाय के द्वारा भी फलदार पौधो में अमरूद, जामुन, नीबू, अमरूद व अन्य पौधो का रोपण का कार्य कतारबध्द करते हुये रोपण करने के बाद सुरक्षा की द्रष्टिगत रखते हुये ट्रीगार्ड भी लगाया गया हैं मुख्य नगर पालिका अधिकारी लक्षमण सिंह सारस के मार्गदर्शन एवं उपयंत्री एच.आर कुरैशी निर्देशानुसार सुव्यवस्थित ढंग से वृक्षारोपण कार्य उक्त अभियान के तहत निरंतर नगर के प्रत्येक वार्ड में कराया जाना प्रस्तावित हैं इस अभियान के तहत नगर वासियों एवं नगर परिषद के पदाधिकारियों की सहभागतिता एवं कर्मचारियों में वृक्षारोपण कार्य के प्रति उक्त थीम के तहत उत्साह देखने को मिला साथ ही नगर वासियों ने किये गये कार्य के प्रति हर्ष व्यक्त किया हैं साथ ही वृक्षो की सुरक्षा हेतु ध्यान देने के लिये सलाह भी दी गई। अतः अध्यक्ष नगर परिषद भुआ बिछिया चित्रा धुर्वे ने कहा कि " इस अभियान से जुड़ कर हमें प्रकृति के प्रति अपने फर्ज को भी पूरा करने की संतुष्टि मिल सकती है' एवं नगर परिषद बिछिया के द्वारा अपील की गई की गई हैं कि इस पुनीत अभियान को सफल बनाने के लिए तत्परता से आगे आकर इसमें प्राणपण से सहयोग प्रदान करें" उपाध्यक्ष नगर परिषद भुआ बिछिया रानू रणधीर सिंह राजपूत के द्वारा कहा गया कि इस अभियान के तहत उन्होंने कहा कि जो भी नागरिक यह वृक्ष लगाएंगे, वे अपनी माता की स्मृति को तो हमेशा याद रखेंगे ही, यह धरती मां के लिए भी एक अनुपम सेवा होगी. वृक्षों से ही हमारा जीवन सुरक्षित रहता है. यह दृश्य हम कोविड के दौरान देख चुके हैं. उस समय वातावरण शुद्घ हुआ तो इससे लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि हुई थी।

## मोतीनाला थाना परिसर में 27 फलदार-छायादार वृक्षों का रोपण



**भुआबिछिया।** शासन द्वारा प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सभी शासकीय विभागों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं इसी तारतम्य में गुरुवार को मोतीनाला थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, एसडीओपी बिछिया आसिफ इकबाल के मार्गदर्शन में गुरुवार को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत थाना मोतीनाला में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके परिवार के द्वारा अपनी माँ के नाम थाना प्रभारी प्रदीप पांडेय की उपस्थिति में 27 पौधे आम, जामुन अशोक, गुलमोहर आदि का वृक्षारोपण थाना परिसर मोतीनाला में किया गया।

## कार्यसमिति सदस्यों को सांसद द्वारा दिये गये पौधे



*** एक पौधा अपनी माँ के नाम रोपित करने की अपील।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारतीय जनता पार्टी के विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति बैठक के उपरांत भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित हुई बैठक में सर्वप्रथम सभी मंचासीन अतिथियों ने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर वंदे मातरम् गायन के साथ बैठक की शुरुआत की। भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म दिवेदी ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र ओर प्रदेश की भाजपा सरकार के प्रति आम जनमानस का विश्वास निरंतर बढ़ रहा है भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा समाज की धारा बन चुकी है पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाएं लोकप्रिय होते जा रहे हैं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से लगातार तीसरी बार केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है साथ ही मध्य प्रदेश में अभूतपूर्व जीत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत से संभव हो सका है। इस अवसर पर मण्डला सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि संगठन के कार्यों की लगातार निरंतर के कारण हम सरकार और संगठन की बात आम जनता तक पहुंचने में सफल हो रहे हैं केंद्र पर राज सरकार की योजनाएं जमीन पर उतर रही है और उसका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है कुलस्ते जी द्वारा कार्यकर्ताओं एक पेड़ अपनी माँ के नाम पर लगाने हेतु वितरण किया। आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रम को लेकर हम जनता के बीच में जाएं और संगठन के विस्तार में अपनी निरंतर भूमिका निभाने में हर कार्यकर्ता कार्य करे बैठक में जिला कार्यसमिति की बैठक में आगामी संगठन के कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई तथा राजनीतिक प्रस्ताव भगवती श्रीधर जिसका प्रस्तावक पारस असरानी एवं समर्थन पूरन ठाकुर रहे इसी प्रकार से बधाई प्रस्तावक नीरज मरकाम रखे जिसके प्रस्तावक उमेश ठाकुर एवं समर्थक श्रीमति सुषमा मिश्रा द्वारा रखा गया। शोक प्रस्ताव थामन बरमैया ने रखा मंचासीन पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष रोचीराम गुरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने संगठन की बात की।

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष नैनपुर कृष्णा पंजवानी, नगर परिषद बम्हनी अध्यक्ष मीना हरदहा, प्रफुल्ल मिश्रा,जनपद अध्यक्ष ओमवती उइके, मनीषा मरकाम, सुधीर कसार, महेश विश्वकर्मा, सानंद अग्रवाल, सुरेन्द्र दुबे, अशोक गोयल, जयदत्त झा, मुन्ना कुशराम, महेंद्र पटेल, आशीष झारिया समस्त मण्डल अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं कार्यसमिति सदस्य उपस्थित।



**समस्या** | **मनचाहे स्कूल में संलग्न होने से स्कूलों में बनी जटिल समस्या।**

# जिले के संलग्न शिक्षक कब होंगे वापस?

*** जबलपुर जिले के संलग्न शिक्षकों की हुई वापसी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों मे अधिकतर शिक्षक मुख्यालय के नजदीकी शाला मे मनमाफिक स्कूलों मे संलग्न हो रहे हैं जिससे बहुत से स्कूलों मे यह स्थिति है की वहां शिक्षकों का अभाव हो गया है उसकी भरपाई के लिए अतिथि शिक्षक रख लिये जाते हैं। यहां यह भी देखने को मिल रहा है कि शिक्षकों का संलग्नीकरण अधिकांश जिन स्कूलों मे शिक्षकों की आवश्यकता नही है वहां भी संलग्न किया जा रहा है जो यह समझ के परे है की आदेश मे सहायक आयुक्त या विकास खंड शिक्षा अधिकारी यह उल्लेख करते हैं की शैक्षणिक व्यवस्था के तहत आगामी आदेश तक आपको फला स्कूल मे पदस्थ किया जाता है जबकि उनका वेतन मूल पदस्थापना वाली शाला से निकलता है और विभागीय पोर्टल मे उनकी पदस्थापना मूल शाला मे दिखाई देती है पर जमीनी हकीकत मे वे अन्यत्र अपनी नौकरी कर रहे होते हैं।

विभागीय सूत्र बताते हैं कि सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग द्वारा कुछ शिक्षकों को राजनीतिक दबाव या फिर लेन देनकर के उनके मनमाफिक स्कूलों मे संलग्न किया गया है, यह भी जानकारी है कि जहां उत्कृष्ट विद्यालय जैसे स्कूलों के शिक्षकों को जहां सब्जेक्ट नही है वहां के स्कूलों पर संलग्न किया गया है, ऐसा ही मामला घुघरी विकास खंड मे उत्कृष्ट विद्यालय का सामने आया है। यहां के अधिकतर शिक्षक जो गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र के हैं उन शिक्षकों संलग्न किया जाना बहुत बड़े संदेह को जन्म देता है। वहीं कुछ यह जानकारी मिल रही है। आज जिले मे यह खेल खुलकर चल रहा है पैसो दो और मनमाफिक स्कूल पाओ या फिर नेताओं द्वारा दबाव देकर भी काम को अंजाम दिया जा रहा भले ही बच्चों का भविष्य चौपट हो जाये, उन्होंने तो केवल अपने अपनी सुख सुविधा से मतलब है, पीछे क्या हो रहा है उन्होंने इससे कोई लेना-देना नहीं है। जानकारों का कहना है की जिले मे संलग्नीकरण एक शिक्षा जगत के लिए गंभीर समस्या बन गयी है, शासन-प्रशासन इस बिषय मे गंभीरता से कदम उठना चाहिए ताकि जिन स्कूलों मे शिक्षकों की कमी है वहां पर ऐसे शिक्षकों को संलग्न किया जाना चाहिए। क्योंकि आज जिले मे विकासखंड या जिला मुख्यालय के नजदीकी बहुत से स्कूलों मे आवश्यकता से अधिक शिक्षक है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षक विहीन शाला संचालित है।

संलग्नीकरण का खेल मे संभागीय उपायुक्त द्वारा जिले के बहुत से शिक्षकों को जबलपुर जिले मे संलग्न किया गया था जिसको जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष इंजी. कमलेश तेकाम, ने जिला कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना को पत्र देकर बाहर संलग्न शिक्षकों की वापसी के लिए मांग जिसमें कलेक्टर द्वारा त्वरित कार्रवाई कर सभी शिक्षकों की वापसी कराईं गयी। जो एक शिक्षा विभाग के लिए बड़ी सफलता है क्योंकि वैसे ही इस आदिवासी जिले मे शिक्षकों की अत्यधिक कमी है। अब यह देखना होगा की क्या जिले में जिन स्कूलों मे जहां शिक्षकों की आवश्यकता नही शिक्षक अपनी सुविधानुसार संलग्न करा लिए हैं उनपर जिला प्रशासन क्या कार्यवाही करता है?

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार उत्कृष्ट विद्यालय घुघरी के कुछ शिक्षक जिला मुख्यालय के नजदीकी शाला मे, कुछ शिक्षक मोहगांव एवं बीजाडांडी से भी आकर जिला मुख्यालय के पास वाले स्कूलों मे अपने को संलग्न करा लिया है। जिला प्रशासन द्वारा इस बिषय को लेकर जांच कराई जाए तो बहुत से संलग्नीकरण के खुलासे हो सकते हैं।

### इनका कहना:-

*जिले से जो शिक्षक जबलपुर मे संलग्न थे उनकी जिले की मूल शाला मे वापिस कराया गया है। अब जो जिले मे ही संलग्नीकरण किया गया उसकी जाकर मेरे द्वारा विभाग से ली जा रही। अगर ग़लत तरीके से , संलग्नीकरण हुआ तो निश्चित ही कार्यवाही की जावेगी।*

**-कमलेश तेकाम,**
**जिला उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष स्थाई शिक्षा समिति जिला मण्डला**

## खबर संक्षेप

### अज्ञात चोरों द्वारा वेयर हाऊस से पार की गई 50 क्विंटल मूंग

**गाडरवारा।** चोरों के हौसले इतने बुलंद होते हुये दिखाई देने लगे है कि वह अब घरों की जगह बेयर हाऊसों में रखे हुये अनाज को भी पार करने से नही चूक रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ ग्राम नांदनेर स्थित एक बेयर हाऊस में देखने मिली है जहां पर अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर लगभग 50 क्विंटल मूंग पार कर डाली। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस प्रार्थी राघव पिता प्रमेद राजौरिया उम्र 31 साल द्वारा शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैं अंजली वेयर का संचालक हूँ तथा मेरे वेयर हाउस मे मूंग और धान रखी हुई है, जिसके चलते बीते हुये 1 अप्रैल को मैने वेयर हाउस मे स्प्रे करने के बाद ताला बंद कर दिया था । जिसमे संयुक्त ताला लगता है एक वेयर हाउस मालिक का एवं एक एम.पी.डब्लू,एल.सी. शाखा का और रोजाना बाहर से आते जाते देख लिया करते थें। मगर जब बीते हुये 22 जून को वेयर हाउस के 02 नंबर गेट से जाकर देखा तो 2 ताले वेयर हाउस के टूटे हुये थें। तब मैने अंदर जाकर देखा तो लगभग 110 मूंग (लगभग 50 क्वीटल) गायब नजर आई यानि की चोरी हो गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लेकर मामले की सच्चाई का पता किया जा रहा है।

### भारी वाहन धडल्ले से नगर में कर रहे है प्रवेश

**गाडरवारा।** महँगी कारों मे घूमने प्रशासनिक अधिकारी लाख दावा करें कि शहर की यातायात व्यवस्था मे पूर्वापेक्षा सुधार हो रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि यहॉ की यातायात व्यवस्था अराजक है, जिसे पटरी पर लाने की पहले की गयी कवायद बेअसर साबित हुई है? शहर मे वाहनों की अधिकता के बावजूद जन सुरक्षा की जवाबदारी निभाने वाला विभाग अनियंत्रित गति से दिन रात धमा चौकडी करने वाली उन भारी भरकम ट्रकों पर ध्यान नही दे रहा है जो सारेआम सड़कों पर मौत का सायरन बजाकर असुरक्षा का माहौल निर्मित कर शहरवासियों को चिन्ता मे डाल रहे है? शहर की मुख्य सडकों पर धडल्लें से दौड़ रहे भारी भरकम ट्रक चालकों की हिमाकत के सामने लगता है कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने का ढोल पीटने वाले बौने साबित हो रहे है, जिसका परिणाम है कि शहर मे आवागमन जोखिम भर होता जा रहा है।

### खुलेआम बिक रहे हैं मादक पदार्थ

**सांईखेड़ा।** इस समय सांईखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत यदि गौर किया जावे तो पूर्णरूप से आराजकता का माहौल निर्मित होता चला जा रहा है, इसे पुलिस की उदासीनता कहा जावे या फिर मिली भगत की सच्चाई? अब सच्चाई जो भी हो उसे भगवान ही जाने मगर इस समय सांईखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जिस प्रकार से सट्टे का अवैध कारोवार संचालित हो रहा है उसने अब गांवों में तक अपने पैर जामना शुरू कर दिया गया है। वही दूसरी ओर जुआ का अवैध कारोवार भी अनेक जगहों पर संचालित होने की जानकारियाँ मिलना आम बात होती चली जा रही है? लोगों को उम्मीद थी कि शायद पुलिस प्रशासन स्तर पर अधिकारियों में हुए फेर बदल के बाद इस अवैध कारोवार पर अंकुश लग जावेगा मगर इस प्रकार का होता हुआ कुछ नजर नही है आ रहा है जिससे अब अवैधानिक कारोबार इस क्षेत्र में एक गौरव हासिल करने से नही चूक रहा है तो दूसरी ओर इस सच्चाई को लेकर लोग यह बात कहने नही चूक रहे है कि आखिर में आती हुई लक्ष्मी किसी को बुरी थोरी लगती है जो कोई ठुकरायेगा? क्योंकि जब किसी को जुआरियों सट्टोरियों से आय होगी तो इस पर रोक लगाने की कोई क्यो सोचेगा? लोगों के इस वाक्या की सच्चाई इसी बात से जान पड़ रही है कि जिस प्रकार से इस समय सांईखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आज गांव गांव अवैध रूप से सट्टे के पट्टी कटने की जिस प्रकार से चर्चाए सुनाई पड़ रही है वह निश्चित ही लक्ष्मी के ही आर्शीवाद की देन ही समझा जा रहा है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी में पहुँचकर कलेक्टर ने बच्चों को किया मोटिवेट

## चारगांव खुर्द- गोटीटोरिया में पीएम जनमन योजना के शिविर के निरीक्षण उपरांत गाडरवारा में की विभागीय समीक्षा







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

जब किसी अधिकारी का क्षेत्र में दौरे की जानकारी जब सरकारी विभागों को पहले से ही मिल जाती है तो वहां की सूरत बदली हुई नजर आने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये गुरूवार को देखने मिली। क्योंकि जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले बीते हुये गुरूवार को गाडरवारा क्षेत्र के दौरे पर रहते हुये उन्होंने बोहानी नवोदय विद्याल पहुंचकर छात्र छात्राआओं से मुलाकात करने के साथ ही गोटीटोरिया क्षेत्र का भी दौरा किया गया। इसके उपरांत गाडरवारा में विभागीय समक्षा बैठक की अध्यक्षता की गई। बताया जाता है कि नगर कें पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में गाडरवारा अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले चीचली व सांईखेड़ा विकासखंड की बैठक लेते हुये कलेक्टर ने कहा कि जनमन योजना के कार्यों को पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पटवारी व शिक्षा विभाग आपसी समन्वयक बनाकर कार्य करें, जिससे लक्ष्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करने के साथ उन्होंने मातृत्व वंदना योजना, एनआरसी की समीक्षा कर आंगनबाड़ी के बच्चों को ट्रेक कर शत प्रतिशत आधार सत्यापन, सभी योजनाओं में ईकेवायसी के निर्देश दिए गये। वही समग्र में ई- केवायसी लाडली लक्ष्मी योजना के लिए आवश्यक है, जिससे राशि संबंधित हितग्राहियों के बैंक खातों में पहुंच सके। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अन्तर्गत नल जल योजना व निर्माणाधीन पानी की टंकियों के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेने के साथ संबंधित क्षेत्र के पंचायत सचिव से ठेकेदार द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। पंचायत सचिवों को योजना में तकनीकी समस्या से अवगत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिए कि अभी कोई समस्या नही है, तो नल- जल योजना को पूर्ण होने पर हैंड ओवर लेकर जनहित में योजना का क्रियान्वयन करें। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण की दृष्टि एवं आने वाली पीढ़ी के लिए पौधारोपण का जो लक्ष्य दिया गया है, उसे पूर्ण कर रोपे गये पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प लें। रोपे गये पौधों की फोटो को वायुदूत एप पर भी अपलोड करें। बताया जाता है कि कलेक्टर ने निर्देश दिये कि नलकूप खनन खुले ना रहें। समीक्षा बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पशु चिकित्सा विभाग द्वारा स्थानीय स्तर पर समस्याओं के निराकरण की जानकारी दी। खुले में घूम रहे आवारा पशुओं को नजदीकी गौशाला में शिफ्ट करने एवं टैग के आधार पर मालिक की पहचान कर जुर्माना की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिये। वही दूसरी ओर विद्युत विभाग के लंबित बिजली बिलों के समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश बैठक में दिये। उन्होंने कहा कि विद्युत वितरण कम्पनी को बिजली सप्लाई में परेशानी नहीं हो। कलेक्टर ने बीआरएस सांईखेड़ा ने नवीन सत्र में प्रवेश बच्चों, जिला परियोजना समन्वयक डॉ. आरपी चतुर्वेदी ने पांच से छः साल के बच्चों का सर्वे करवाकर जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अनिल व्यौहार द्वारा सीएम राइज विद्यालय के लिए जनपद पंचायत से एनओसी की समस्या के निराकरण के लिए कहा। वही चल रहे समर्थन मूल्य पर उपार्जन केंद्रों के संचालन, वन परिक्षेत्र अधिकारी से बिट की जानकारी और उनके कार्यों की समीक्षा की। खाद्यान्न वितरण में किसी भी हितग्राही को राशन प्राप्त होने में समस्या ना हो, इसके लिए सभी हितग्राइयों की ई- केवायसी करवाने एवं खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने निर्देश दिए। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सीमांकन व सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने गिरदावरी की क्वालिटी शासन के निर्देशानुसार अच्छी एवं फील्ड पर हो। उन्होंने अतिक्रमण को चिन्हित करने और डायवर्सन के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, एसडीएम श्रीमती कलावती व्यारे, सीईओ जनपद पंचायत चीचली व सांईखेड़ा, समस्त विभाग के जिला अधिकारी, विकासखंड स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। वही समीपस्थ बोहानी जवाहर नवोदय विद्यालय का जायज़ा लेते हुये उन्होंने यहां पीओपी से निर्मित म्यूजियम कार्नर का लोकार्पण किया। विद्यालय में स्थित बुद्ध पार्क में एनएसएस छात्र- छात्राओं की सहभागिता से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने यहां अशोक का पौधा रोपा और कहा कि रोपे गये पौधों को संरक्षित करना और उसकी देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने छात्र- छात्राओं के शैक्षिक उपयोग के लिए बनाये गये गणित पार्क, भूगोल पार्क, कक्षा 11 वीं और 12 वीं शताब्दी की प्राचीन मूर्तियों का अवलोकन किया। अटल लेब में निश्चय जैन द्वारा रेट्रोस्कोप, टेलिस्कोप, उदयराज कौरव व सत्यम द्वारा चंद्रयान 3, यशस्वी पटेल द्वारा पेपर डिटेक्टिंग मशीन, ध्रुव साहू एवं उनकी टीम द्वारा प्रोजेक्टर का प्रस्तुतिकरण दिया। कलेक्टर द्वारा छात्र- छात्राओं द्वारा अटल लेब में स्वनिर्मित प्रोजेक्ट की सराहना कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। नवोदय विद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती पटले ने छात्र- छात्राओं से अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुये नवोदय विद्यालय में पहले कदम को टर्निंग प्वाइंट बताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि तकनीक के कारण पहले से अब और अच्छे कांसेप्ट के साथ सिस्टम उपलब्ध हैं, जिनका शिक्षा में भरपूर प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि यह आप पर निर्भर करता है कि आप शिक्षक के ज्ञान को कितना ग्रहण कर रहे हैं। सफलता के लिए हार्डवर्क के साथ खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी सहभागिता करें। कलेक्टर ने छात्र- छात्राओं से मंच से वन टू वन सवाल पूछने के लिए कहा। बच्चों ने भी पूरे उत्साह से चर्चा की गई। इस दौरान गाडरवारा एसडीएम श्रीमती कलावती व्यारे ने भी अपने छात्र जीवन के शैक्षणिक अनुभव साझा कर सफलता की कहानी के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वही जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत चारगांव खुर्द- गोटीटोरिया का औचक निरीक्षण कर यहां आयोजित किये जा रहे प्रधानमंत्री जनमन योजना के शिविरों का अवलोकन किया और प्रगति की जानकारी ली गई। बताया जाता है कि कलेक्टर ने शिविरों में विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने आये ग्रामीणों से चर्चा की और पीएम जनमन योजना के बारे में भी विस्तार से बताया। कलेक्टर ने शिविर में पहाड़ी क्षेत्र पर नेटवर्क की समस्या के कारण हितग्राहियों के जनमन योजना संबंधी कार्य के लिए और पहाड़ी क्षेत्रों के हितग्राहियों को लाने के लिए बनाए गए नोडल अधिकारी से प्रगति की जानकारी ली और समीक्षा की। उन्होंने हितग्राहियों से सतत संपर्क कर उन्हें शिविर में उपस्थित कराकर जनमन संबंधी कार्य करवाने निर्देश दिये गये। वही इस दौरान कलेक्टर ने यहां रोजगार सहायक ऋतुराज कौरव से ई- केवायसी, जाति प्रमाण पत्र, समग्र की प्रगति की जानकारी ली गई तथा कलेक्टर श्रीमती पटले ने प्रधानमंत्री आवास योजना, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, दिव्यांग एवं बुजुर्गों को मिलने वाली पेंशन, आधार अपडेट एवं नवीन आधार सहित केवायसी की जानकारी ली। बताया जाता है कि जिला कलेक्टर श्रीमती पटले ने आंगनबाड़ी एवं स्कूल संचालन की जानकारी भी ग्रामीणों से ली। पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले भारिया जनजाति के लोगों से उन्हें मिलने वाले राशन, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, आधार कार्ड एवं ई- केवायसी के कार्यों की जानकारी और लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित नोडल अधिकारी को दिये। इस मौके पर एसडीएम श्रीमती कलावती व्यारे, उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती अंजना त्रिपाठी, उप संचालक कृषि, सीएचएमओ डॉ. राकेश बोहरे, परियोजना जिला अधिकारी महिला एवं बाल विकास, सीईओ जनपद पंचायत चीचली, जिला परियोजना समन्वयक डॉ. आरपी चतुर्वेदी सहित समस्त विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



# मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाना परिसर में बीते हुये दिवस मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन तहसीलदार प्रियंका तेगाम, थाना प्रभारी उमेश तिवारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख की विशेष उपस्थिति में किया गया। बताया जाता है कि इस बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों ने उपस्थित मुस्लिम समाज के लोगों से मोहर्रम पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी लेकर मोहर्रम का त्यौहार सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाते हुए प्रशासन को सहयोग करने को कहा । मोहर्रम को लेकर मुस्लिम समुदाय द्वारा अधिकारियों को जानकारी देते हुये बताया गया कि मोहर्रम की 4 तारीख 11 जुलाई से कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जो मोहर्रम की 10 तारीख 17 जुलाई तक चलेंगे 18 जुलाई को ताजियों का विसर्जन किया जाएगा । किन-किन स्थानों से सवारी उठेगी कौन-कौन के यहां ताजिए बनते हैं और कहां-कहां पर परचम लगाए जा रहे हैं समस्त जानकारी प्रशासन को दी गई । प्रशासन द्वारा उचित पुलिस व्यवस्था, नगर पालिका द्वारा साफ सफाई एवं पानी टैंकर हैलोजन लाइट व्यवस्था की जाएगी । बैठक में जमा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान पूर्व अध्यक्ष महमूद पहलवान मुस्लिम विकास परिषद के अब्दुल फिरोज खान मुस्लिम त्योहार कमेटी के मुजीब खान जबरन देवी दरबार से रमा महाराज बावली अखाड़ा कमेटी से असलम फल वाले छोटी मस्जिद कमेटी अध्यक्ष उवेश कुरैशी, हसनी हुसैनी सोयायटी से आशिक हुसैन, लकी अली , गरीब नवाज चौकी से शेख रहीम गुड्डू , नगर पालिका से संजय श्रीवास आदि उपस्थित थें।

# जनशिक्षा केंद्र कन्या नवीन एवं आदर्श स्कूल में आयोजित किया प्रशिक्षण शिविर

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



जनपद पंचायत साईंखेड़ा के जन शिक्षा केंद्र कन्या नवीन एवं आदर्श स्कूल गाडरवारा में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संबंधित प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए विकासखंड स्त्रोत समन्वयक संदीप स्थापक द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के संबंध में असाक्षरों के सर्वे, सामाजिक चेतना केंद्रों के संचालन, शाला संचालन के विभिन्न बिंदुओं यथा पीएम पोषण आहार एमडीएम भोजन के दैनिक एवं मासिक मैसेज करने संबंधी विस्तृत दिशा निर्देश दिये गये। वही बीएसी एवं उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के ब्लॉक सह समन्वयक पवन राजौरिया द्वारा साक्षरता कार्यक्रम की प्रस्तावना, साक्षरता दर, कार्यक्रम उद्देश्य, लक्ष्य, क्रियान्वयन, सामाजिक चेतना केंद्रों के संचालन, चेतना केंद्रों की मॉनिटरिंग, अक्षर साथी का रजिस्ट्रेशन, अक्षर साथी के कार्य मे सहयोग, बाल पोथी, पठन पाठन सामग्री का उपयोग, वातावरण निर्माण, बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा, अन्य विभागों से प्राप्त होने वाले सहयोग पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में जनशिक्षक बनवारी लाल नागवंशी, मो अपसार खान, देवी सिंह कीर, प्रदीप मालवीय, जनशिक्षा केन्द्र सह समन्वयक संजय अवस्थी,पंकज स्थापक सहित जनशिक्षाकेंद्र के सभी प्राथमिक, माध्यमिक, एकीकृत शालाओं के प्रधान पाठको की मौजूदगी रही।

# अटल ज्योति बिजली से चल रहे प्रभावशालियों के नलकूप बिजली विभाग के मौन रहने पर उठ रहे अनेक सवाल?





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

जहां एक देखा जाता है कि बिजली विभाग द्वारा जिन किसानों के बिजली बिल जरा भी बाकी है तो बिल बसूली के नाम पर सिर्फ उनकी लाईन ही नही काटी जाती है, बल्कि संपूर्ण क्षेत्र के बिजली लाईनों को काटते हुए उनके घरों में रखी हुई सामग्री की कुर्की करते हुए समाज में अपमानित करते हुये देखा जाता रहा है। जबकि गौर किया जावे तो शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक प्रभावशाली लोग इस प्रकार के भी है जिन पर बिजली बिलों के हजारों रूपया बाकी होने के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा उन पर रहम करते हुए बिजती तक उपलब्ध कराई जा रही है..? क्योंकि क्षेत्र में अनेक जगहों पर देखा जा रहा है कि कुछ प्रभावशाली लोगों को बिजली विभाग द्वारा ही संरक्षण देते हुए जिस प्रकार से दूसरी योजना के तहत सप्लाई किये जाने बिजली का उपयोग कराया जा रहा है इस बात की सच्चाई क्षेत्र के अनेक गांवों में आसानी से देखने मिल रही है? इस संबंध में बताया जाता है कि बिजली विभाग द्वारा सरकार की अटल ज्योति योजना के तहत लोगों को गांवों में 24 घंटे बिजली प्रदान करने हेतु अलग लाईन खीची गई है तथा किसानों को अपनी खेती बाड़ी के उपयोग हेतु अलग अलग लाईन प्रदान की गई जिसके चलते जहां खेती बाड़ी के उपयोग हेतु बिजली विभाग द्वारा बिजली प्रदाय करने के लिए निर्धारित समय किया गया है उसी समय पर बिजली प्रदान की जाती है तथा गांवों में बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को अधिक समय तक बिजली प्रदान की जाती है। मगर क्षेत्र के कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों की मिली भगत के चलते खुलेआम अटल ज्योति योजना के तहत प्रदान की जाने वाली बिजली का धडल्ले से उपयोग करते हुये सभी निमयों की धज्जियाँ उडाने से नही चूक रहे है। बताया जाता है कि किसानों के खेतों पर लगी हुई बिजली डीपी शायद बिलों के आभाव में जल लाने के बाद बदली नही जाती है, जिसके चलते कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा खुलेआम गांव में अटल ज्योति योजना की बिद्युत लाईन से अवैधानिक रूप से कनेक्शन लेते हुए उसका उपयोग करने से नही चूकते है। मगर हद तो तब हो जाती है जब इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी उनके द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही न करना इस बात का उदाहरण स्पष्ट हो रहा है कि शायद बिजली विभाग द्वारा ही इस प्रकार से बिजली चोरी करने वालों को शह प्रदान की जा रही है? क्योंकि क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब इस प्रकार से अवैधानिक रूप से अटल ज्योति बिजली का उपयोग करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जाता है तो वह सूचना देने वाले व्यक्ति के ऊपर ही अपना रौब झाडने से भी नही चूकते है। क्योंकि इस बात से तो यही स्पष्ट होता हुआ जान पड़ रहा है कि इस प्रकार से नियम विरूद्व किये जा रहे अटल ज्योति बिजली के दुरूपयोग के संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी कार्यवाही न होना बिजली विभाग द्वारा ही इस प्रकार से प्रभावशाली लोगों को बिजली का उपयोग किये जाने में अपना संरक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिस प्रकार से धडल्ले जिस तरह 11 के व्ही लाईन से कन्टी बनाते हुए जोड़ी गई बिजली लाईन के संबंध में बिजली विभाग के कर्मचारियों को जानकारी न हो यह तो संभव हो ही नही सकता है? जबकि बिजली विभाग के लाईन मेनों द्वारा आये दिन क्षेत्र का भ्रमण करते हुए बिजली लाईनों की जांच की जाती रहती है, और इसके बाद भी इस प्रकार से दूसरी योजना की बिजली का उपयोग करना बिजली विभाग की मिली भगत की देने के आलवा और कुछ नही हो सकता है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध संबंधी कार्रवाई ठंडी होने के चलते बाजार में फिर दिखाई देने ली पन्नओं की बहार

**गाडरवारा।** शासन ने प्रदेश में बीते हुये साल यानि की एक जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय और उपयोग पर प्रतिबंध लागू करने के लिए दिशा निर्देश जारी किये थें। इस आदेश को लेकर बताया जाता है कि इन दिशा निर्देशों पर जिले के कलेक्टरों को प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये थें। इस आदेश के परिपालन में शुरूआती तो पर सख्त कार्यवाही के आदेश अधिकारियों को दिये थें। ज्ञात हो कि दो साल पहले मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के निर्देशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक के रूप में जिन सामग्रियों को प्रतिबंधित किया गया था। उनमें स्वीट बाक्स एवं निमंत्रण पत्र व सिगरेट पैकिंग को कवर करने वाली पैकिंग फिल्म, प्लेट, कप, ग्लास, फोर्क, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, ट्रे, प्लास्टिक स्टीरर्स, आईस्क्रीम व कैंडी स्टिक, प्लास्टिक झंडे, बैलून में उपयोग होने वाली प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक स्टिक वाले ईयर बड, सजावट में उपयोग होने वाले थर्माकोल, 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक व पीवीसी बैनर आदि शामिल थी। इस तरह सिंगल यूज प्लास्टिक के अंतर्गत प्रतिबंधित अधिसूचित सभी प्रकार की सामग्रियों के निर्माण, भंडारण, विक्रय एवं इसके उपयोग पर प्रतिबंध के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करने और नामांकित प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा संबंधित के विरूद्ध छापामार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश सभी जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिये थें। वही इसको लेकर उन्होंने कहा था कि सभी ग्राम पंचायतों में मुनादी, सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर एवं अन्य माध्यमों से जारी दिशा निर्देशों का व्यापक प्रचार- प्रसार कराया जाये। साथ ही दिशा- निर्देशों का उल्लंघन करने वाले संबंधित निर्माता, स्टॉकिस्ट, रिटेलर तथा विक्रेताओं पर छापामार कार्रवाई सुनिश्चित की जावे, वही इसके लिए प्राधिकृत अधिकारी को नामांकित किया जावे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

टिविंकल मालवीय आयु 19 वर्ष आत्मज श्री चन्द्रशेखर मालवीय, निवासी विजय कालोनी, महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड गाडरवारा द्वारा शपथ पत्र देते हुये स्पष्ट किया है कि मेरी समस्त अंक सूचियों, पेनकार्ड, बैंक पासबुक, समग्र आई.डी. राशन कार्ड आदि में शपथकर्ता का सही नाम टिविंकल मालवीय दर्ज है तथा इसी नाम से मुझे जाना पहचाना जाता है। आधार कार्ड क्रमांक 879844517440 में मेरा नाम त्रुटिवश शिवांशु मालवीय दर्ज हो गया है। जिससे मुझे परेशानी हो रही है तथा मैं शपथकर्ता अपने अन्य दस्तावेजों के आधार पर अपना नाम टिविंकल अपने आधार कार्ड में दर्ज करना चाहता हूँ। अतः मुझ शपथकर्ता को भविष्य में भी टिविंकल मालवीय के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**शपथकर्ता**
**टिविंकल मालवीय**
आयु 19 वर्ष आत्मज श्री चन्द्रशेखर मालवीय, निवासी विजय कालोनी, महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड गाडरवारा, तहसील गाडरवारा, जिला- नरसिंहपुर म.प्र.

## खबर संक्षेप

### चरगाँव हल्का में पदस्थ पटवारी जितेन्द्र बड़ोले निलंबित

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने पटवारी हल्का चरगांव रैयत जितेन्द्र बड़ोले को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश के मुताबिक हल्के में समीक्षा के दौरान नक्शा तरमीम के 245 प्रकरणों में से जिले में प्रगति शून्य पाई गई, साथ ही राजस्व के अन्य प्रकरण जैसे- नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली में लापरवाही बरती गई है। जो कि उनके शासकीय कार्यों के प्रति उदासीनता को प्रदर्शित करता है। इनका कृत्य म.प्र.सिविल सेवाएं (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के अंतर्गत कदाचरण की श्रेणी में आता है।अतः इस कृत्य के लिए पटवारी जितेन्द्र बड़ोले को म.प्र. सिविल सेवाएं (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबनकाल जितेन्द्र बडोले का मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा होगा और इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### आवारा मवेशियों के कारण हो रही दुर्घटनायें

**डिंडौरी।** नगर समेत आस पास ग्रामींण ईलाके में जाने वाले मार्गो में बैठी मवेशियां दुर्घटना का कारण बन रही है। आये दिन वाहन चालक सडक पर बैठी मवेशियों से टकराकर या इन्हे बचाने के प्रयास में गिर कर घायल हो रहे है। बुधवार को शाहपुर थाना अन्तर्गत जोगीटिकरिया में डिण्डौरी जबलपुर मुख्य मार्ग में बैठी गाय को बचाने के कारण एक बाईक सवार युवक गिर कर घायल हो गया जिसे निजी वाहन से जिला चिकित्सायल में भर्ती कराया गया है।

### पत्नि के साथ बेरहमी से पिटाई करने वाले पति के खिलाफ मामला दर्ज

**डिंडौरी।** कोतवाली थाना अन्तर्गत ग्राम पडरिया कला निवासी एक महिला से उसके पति द्वारा बेरहमी से पिटाई की गई है। जिसकी शिकायत महिला ने कोतवाली में दर्ज करायी है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसके पति के विरूद्ध धारा 296,115(2),351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी हैं । फरियादिया ने पुलिस को बतलाया कि मै खेती किसानी का काम करती हूं। बुधवार शाम लगभग 7 बजे मैं घरेलू काम काज कर रही थी तभी पति धनेश्वर धुर्वे मुझे गालिया देते हुये बोल रहा था कि तुम घर के काम धाम नहीं करती हो, मेरे द्वारा गाली देने से मना किया गया तो पति धनेश्वर मुझे घर में पड़े लोहे के राड से मारपीट करने लगा, तभी परिजन पहुंचकर बीच बचाव किया है। तब मेरा पति मुझे बोला कि अगर घर का काम सही से नहीं करोगी तो तुमको जान से खत्म कर दूंगा की धमकी दिया है।

### जिले में 11 जुलाई तक 310.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**डिंडौरी।** 11 जुलाई 2024 तक डिंडौरी जिले में 310.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा की जानकारी प्रपत्र अनुसार 11 जुलाई 2024 तक डिंडौरी में 289.5, अमरपुर में 238.2, समनापुर में 174.4 बजाग में 281.0, करंजिया में 291.2 शहपुरा में 356.0 मेंहदवानी में 545.5 मि.मी. वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

### समनापुर पुलिस द्वारा ग्राम अंडई में नए कानून को लेकर किया गया संवाद

**डिंडौरी।** समनापुर थाना अंतर्गत ग्राम अंडई में थाना प्रभारी समनापुर व स्टाफ पहुंचकर ग्राम वासियों, सरपंच,उप सरपंच,समेत अन्य जनप्रतिनिधियों व ग्राम वासियों के साथ बैठक कर नए कानून एवं अपराधों के नियंत्रण हेतु संवाद किया गया है। संवाद के दौरान देश में 1 जुलाई 2024 से प्रभावशील नए कानून के संबंध में मुख्य धाराओं व कानूनी जानकारी संक्षिप्त रूप से आमजनों को अवगत कराया गया है। अपराध रोकथाम के संबंध में साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन होने वाले अपराधों से बचने के तरीके समझाए गए । गांव में अन्य संबंधित समस्याओं के बारे में चर्चा की गई ,इस दौरान थाना प्रभारी ने वाहन चलाने के दौरान अनिवार्य हेलमेट पहनने की समझाइस दी , सड़क में चलने के दौरान अनिवार्य रूप से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की है।

---

**कीचड़ भरी रास्ते और जल भराव के कारण बीमारियों की बनी आशंका**

# रनगांव बस्ती अंदर सीसी सड़क में जमा हुआ लबालब पानी, नहीं हैं निकासी की व्यवस्था

शहपुरा

शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम रनगाँव दुर्गा मन्दिर स्थित मोहल्ला जाने वाली सड़क तालाब में तब्दील हो गई है । जो की आसपास रहने वाले ग्रामीणों समेत राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है। विशेष कर आसपास रहने वाले बच्चों के लिए सड़क के गड्ढो में भरा हुआ पानी जानलेवा साबित हो सकता है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने चिंता जाहिर करते हुए बताया कि आए दिन यहां दुर्घटना होती रहती है। वर्षों से यही स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों के द्वारा पानी के निकासी के लिए पूर्व में भी कई बार ग्रामीण प्रयास किये जा चुके हैं। लेकिन पंचायत की जिम्मेदारों के द्वारा ध्यान ना देना कहीं ना कहीं सकें के घेरे में है लोगों के द्वारा यह बताया कि सड़क का पानी घरों के अंदर आ रहा है,जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उसी मोहल्ले के बच्चे स्कूल को आने जाने में काफी परेशानी होती है कई बार बच्चे उसी रास्ते से जाते-जाते समय गिर जाते हैं,लेकिन यह समस्या जिम्मेदारो के कानों में जूं तक नहीं रेंगता। स्थानीय राजकुमार यादव उर्फ गोलू बताते हैं कि पूर्व में भी इस समस्या को लेकर पंचायत सरपंच सचिव को कई बार आवेदन साथ मौखिक शिकायत किया है,लेकिन आज भी इस समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। अभी तक इस पर कोई सुधार नहीं हुआ।

जबकि इस सड़क पर दुर्गा मंदिर स्थित है और लोग प्रतिदिन दुर्गा मंदिर में पूजा करने के लिए जाते हैं लेकिन इस कीचड़ भरी सड़क से जाने में उनको काफी परेशानी होती है।जो की पूरी तरह सड़क में भरे किचड़ व पानी में सड़क डूब जाता है। स्थानीय निवासी बताते हैं की इस सड़क से गुजरने वाले घरों की संख्या लगभग 300 है और आने-जाने के लिए इसी सड़क का प्रयोग होता है। कई बार लोगों के मोबाइल एवं बाजार से लाई जाने वाली चीजें इस सड़क में बर्बाद हो चुकी है। जिससे लोगों का आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।





#### पेयजल पाइप जगह-जगह से खुली

ग्रामीणों ने जानकारी में बताया कि इस मोहल्ले की सड़क किनारे पेयजल व्यवस्था के लिए बिछाई गई पाइपलाइन जगह-जगह से खुली हुई है जिस कारण से कीचड़ युक्त पानी पाइप के अंदर चले जाने पर वही गंदा पानी उस मोहल्ले वासियों को पीना पड़ता है जो उनके सेहत में काफी नुकसान पहुंचाता है।

#### मोहल्ले वासियों को बीमारियों की आशंका

दुर्गा चैक मोहल्ले में सड़कों पर पानी की लगातार भराव होने के कारण जीव जंतु व मच्छर पनप रहे हैं जिसके कारण मोहल्ले वासियों को यह चिंता हर वक्त सताता रहता है कि कहीं किसी भारी बीमारी का शिकार ना हो जाए ।मोहल्ले वासियों ने यहां तक बताया कि कई घरों के अंदर पानी के साथ जहरीले सांप भी अंदर चले जाते हैं।

#### इसी गंदे रास्ते से नन्हे मुन्ने बच्चे भी जाते हैं स्कूल

सड़क में जल भराव के कारण कीचड़ युक्त रास्ते से नन्हे मुन्ने बच्चे उसी मोहल्ले से गुजरते हैं और स्कूल जाते हैं कई बार इस रास्ते में पैर फिसल कर गिर जाते हैं जिसके कारण उन्हें स्कूल आने जाने में परेशानी होती है और बच्चों का मनोबल भी टूट जाता है और स्कूल नही जाते वही बच्चों के अभिभावकों का कहना है कि जल्द से जल्द इस सड़क की नाली की व्यवस्था की जाए जिससे पानी की निकासी हो सके।

---

## बांध निर्माण के विरोध में लामबंद हुए ग्रामीण पेसा एक्ट के तहत ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित





**डिण्डौरी।** मंडला जिले की सीमा से लगे गांव भरखी में बुढनेर नदी में अपर वृहद परियोजना के तहत बांध निर्माण प्रस्तावित है जिसके विरोध में गुरूवार को जलेगांव में लगभग दो दर्जन गांवो के ग्रामींण एकत्रित होकर एक स्वर में बांध निर्माण का विरोध करते हुए पेसा एक्ट के तहत ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किया है। ग्रामींणो ने आरोप लगाया कि बुढनेर नदी में बांध बनने पर लगभग दो दर्जन ग्रामो के ग्रामींणो को विस्थापित किया जायेगा और सैकडो एकड जमीन के साथ जंगल का भी अस्तित्व खत्म हो जायेगा। ग्राम सभा के दौरान जिले में पांचवी अनुसूची क्षेत्र होने की बात कहते हुए पेसा एक्ट के तहत निर्माण कार्य के पूर्व ग्राम सभा की अनुमति लेना अनिवार्य होता है । लेकिन शासन द्वारा अधिकारों का उल्लघन करते हुए बगैर पेषा एक्ट ग्राम सभा की अनुमति के बगैर बांध निर्माण प्रस्तावित किया गया है। और बांध निर्माण को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है लेकिन ग्रामींण इसका पुरजोर विरोध करते हुए बांध निर्माण में रोक लगाये जाने की मांग कर रहे है।

## चालक को आया नींद का झोंका, कार ने सड़क किनारे खड़ी कार को टक्कर मारकर पलटाया



**डिण्डौरी।** बुधवार की दरम्यानी रात शहडोल पंडरिया राज्यमार्ग पर एक भीषण हादसा होते होते टल गया। रात्रि करीबन दो बजे के लगभग नौरोजावाद से छग के डोंगरगढ़ जा रही यात्रियों से भरी एक आर्टीका कार ने बजाग में सड़क किनारे खड़ी टवेरा कार को जोरदार टक्कर मार दी।जिससे टवेरा वाहन मौके पर ही सड़क किनारे बनी पटरी के नीचे दो फुट गहराई में जाकर पलट गया।गनीमत रही की टवेरा वाहन में कोई व्यक्ति सवार नही था घटना के बाद अर्टिका वाहन में सवार सभी यात्री सुरक्षित है घटना की वजह अर्टीका कार के चालक को चलती कार में नींद का झोंका आ जाना बताया गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्टिका वाहन क्रमांक एमपी 18 प्र 7138 नौरोजावाद से तीर्थस्थान डोंगर गढ़ जा रहा था जिसमे चालक समेत छः महिला यात्री सवार थे वाहन जैसे ही बजाग नगर में पहुंचा वाहन चालक को नींद का झोंका आ गया।और आर्टिका वाहन ने सड़क किनारे खाली खड़े टवेरा वाहन क्रमांक एमपी 18 बं 1282 को टक्कर मारकर पलटा दिया।टवेरा वाहन स्थानीय निवासी का है जो की रात्रि में घर के सामने खड़ा था। हालाकि सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात में घटी इस घटना की शिकायत पुलिस तक नहीं पहुंची है दोनो ही वाहन मालिकों के द्वारा आपस में सुलह हो जाने की बात कही गई हैं।

---

## जिला परियोजना प्रबंधक सुश्री मीना परते को तत्काल कार्यमुक्त करने के निर्देश

**अतिरिक्त मुख्य कर्यपालन अधिकारी मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन संजीव सिन्हा ने सीईओ जिला पंचायत डिंडौरी को लिखा पत्र**

**डिंडौरी।** जिला परियोजना प्रबंधक के पद पर लम्बे समय से पदस्थ रहीं सुश्री मीना परते का डिंडौरी से नरसिंहपुर हेतु स्थानांतरण दिनांक 13.10.2023 को उप सचिव, म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का आदेश क्र. 12117 द्वारा किया गया था, स्थानांतरण के विरूद्ध सुश्री मीना परते ने अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समक्ष अपील प्रस्तुत की थी, अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समक्ष सुनवाई उपरांत अपील अमान्य करते हुए सुश्री परते का जिला डिण्डौरी से जिला नरसिंहपुर किया गया स्थानांतरण निरंतर रखा गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री के निर्देशानुसार संबंधित को तत्काल जिला डिण्डौरी से जिला नरसिंहपुर के लिए कार्यमुक्त करने हेतु लेख किया गया है।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री परते को तत्काल जिला डिण्डौरी से जिला नरसिंहपुर हेतु कार्यमुक्त करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## जिले के विभिन्न ग्रामों मे आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे

**डिंडौरी।** शासन के निर्देशानुसार पीव्हीटीजी हितग्राहियों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न ग्रामों में 12 जुलाई से 17 जुलाई 2024 तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। उक्त शिविर के लिए ग्राम पंचायतवार प्रभारी अधिकारी एवं शिविर दल नियुक्त किए गए हैं। शिविर के संबंध में जारी निर्देशानुसार पीव्हीटीजी ग्रामों में जनपद पंचायत डिंडौरी में ग्राम पंचायत दुहनिया रैयत में सम्मलित ग्राम कुदवारी, बिजौरा, बटौंधा, पडरिया कला, पोंडी माल में सम्मलित ग्राम गोयरा रैयत, दुहनिया रैयत में सम्मलित ग्राम दुहनिया, पडरिया माल में सम्मलित ग्राम गोपालपुर, कुई माल में सम्मलित ग्राम परासी माल, अमनीपिपरिया रैयत में सम्मलित ग्राम अमनीपिपरिया माल, अमनी पिपरिया रैयत में सम्मलित ग्राम भरद्वारा, रामगुडा। जनपद पंचायत बजाग में ग्राम पंचायत चांडा में सम्मलित ग्राम सिलपिडी, पिपरिया माल, चाडा वनग्राम, पिपरिया माल में सम्मलित वनग्राम बौना, खम्हेरा, बिंझौरी माल में सम्मलित ग्राम पचगांव रैयत, भुरसी माल में सम्मलित वनग्राम तरच, खम्हेरा में सम्मलित ग्राम खपरीपानी, खम्हेरा में सम्मलित ग्राम शीतलपानी, सारंगपुर माल, बरसोद माल में सम्मलित ग्राम अतरिया रैयत। जनपद पंचायत करंजिया में ग्राम पंचायत खारीडीह, झनकी रैयत में सम्मलित ग्राम पांडपुर, उमरिया रैयत में सम्मलित ग्राम कुटेलीदादर, पंडरीपानी में सम्मलित ग्राम लदरादादर, पंडरीपानी में सम्मलित ग्राम कांदाटोला, चकमी माल में सम्मलित ग्राम बोयरहा, उफरी माल में सम्मलित ग्राम तरवरटोला। जनपद पंचायत मेंहदवानी में ग्राम पंचायत मेंहदवानी, डोकरघाट, डुलहरी। जनपद पंचायत समनापुर में ग्राम पंचायत अजगर, चांदरानी, सरई माल, देवलपुर में सम्मलित ग्राम सिमरधा, फिटारी, समनापुर, पिपरिया, फिटारी में सम्मलित ग्राम रंजरा। जनपद पंचायत शहपुरा में ग्राम पंचायत कारीगढहरी माल में सम्मलित ग्राम चाटी, देवरी कला, दल्का खम्हरिया में सम्मलित ग्राम टिकरा खम्हरिया। जनपद पंचायत अमरपुर में ग्राम पंचायत सिधौली, घेवरी रैयत में शिविर आयोजित किए जाएंगे।कलेक्टर विकास मिश्रा ने शिविर हेतु नियुक्त प्रभारी अधिकारी एवं शिविर दल को शिविर दिनांक तक शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने जिले के सभी हितग्राहियों से शिविर में शामिल हो आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की है। जिससे कोई भी पात्र हितग्राही आयुष्मान भारत योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे।

---

## जहर खुरानी एवं अज्ञात कारणों से दो महिलाओं की मौत, पुलिस कर रही जांच



**अनूपपुर।** गुरुवार के दिन जिला चिकित्सालय अनूपपुर में उपचार की पूर्व ही दो अलग-अलग घटनाओं में जहरीला पदार्थ सेवन करने एवं अज्ञात कारणो से दो महिलाओं की मौत हो गई जिस पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत खांड़ा गांव निवासी 24 वर्षीय साधना महरा पति भीमसेन महरा जो गुरुवार की सुबह घर में अपने ससुर एवं परिजनो को चाय एवं नाश्ता कराने बाद प्रत्येक दिन की तरह मजदूरी का काम करने अनूपपुर नगर की वार्ड क्रमांक एक सामतपुर में मजदूरी करने आई थी तभी अचानक उल्टी होने पर अन्य मजदूर साथियों द्वारा जिला अस्पताल अनूपपुर लाया गया। इसी दौरान साधना की मौत हो गई, वही जिले के भालूमाडा थाना अंतर्गत जल्दा-ठूठी गांव निवासी कमलेश पाव की 32 वर्षीय पत्नी रशीदा पाव की अज्ञात कारणो से जिला चिकित्सालय अनूपपुर में पहुंचने पर मौत हो गई दोनों घटनाओं की सूचना ड्यूटी डॉक्टर द्वारा अस्पताल पुलिस को दिए जाने पर साधना महरा की मौत पर नायब तहसीलदार श्री पटेल की उपस्थिति में परिजनों से चर्चा कर पंचनामा की कार्यवाही की गई वहीं रशीदा पाव के मायके पक्ष के आने पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है रसीदा की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## हैवान पति ने दोस्त को घर बुलाकर पत्नी से कराया दुष्कर्म

**धमकी देकर पत्नी को थाने जाने से भी की रोकने की कोशिश**

**अनूपपुर।** जिले के कोतमा थाना क्षेत्र में दुष्कर्म की हैरत भरी घटना सामने आई है, जिसमें हैवान पति ने स्वयं ही अपने दोस्त को घर बुलाकर अपनी पत्नी के साथ जबरन दुष्कर्म कराया। पत्नी के द्वारा मामले की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए लगातार थाने में जाने से रोका जाता रहा। पति के घर से बाहर होने पर मौका पाकर पीड़िता थाने गई और पूरी दास्तां रोते हुए पुलिस को बताई। महिला की शिकायत पर आरोपी पति एवं दुराचारी दोस्त के खिलाफ जबरन दुष्कर्म सहित जान से मारने की धमकी को लेकर धारा 450, 376, 376डी, 506 आईपीसी एवं एसटी एससी एक्ट की धारा में मामला दर्ज किया है।

#### यह है मामला

मामला बीते 29 जून का है कोतमा थाना अंतर्गत एक गांव में रहने वाली 37 वर्षीय महिला ने बताया कि उसके पति ने अपने दोस्त को घर पर खाने के लिए बुलाया था। इसके बाद पत्नी के कमरे का दरवाजा खुलवाकर दोस्त को अंदर कमरे में भेज दिया और बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। पति के दोस्त ने महिला के साथ जबरन दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

---

**कलेक्टर ने नल-जल योजना के प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश**

# नल-जल योजना के सभी कार्यों को शीघ्रता से कराएं पूर्ण-कलेक्टर

अनूपपुर

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने नल जल योजना अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जल जीवन मिशन के सभी कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी के साथ लोगों के घरों तक गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों को करने वाले ठेकेदारों को कार्य पूर्ण होने के पश्चात तथा जिला जल मिशन समिति के सदस्यों के द्वारा कार्यों के सत्यापन के बाद ही राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों को आधा-अधूरे कार्यों का भुगतान न किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत बोर खनन कार्य ग्रामीणों से जल स्त्रोत के संबंध में चर्चा एवं परीक्षण कराकर करें, जिससे जल स्त्रोत की जानकारी मिल सके, क्योंकि स्थानीय निवासियों को पानी के स्त्रोत की बेहतर जानकारी होती है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ गुरूवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजना के कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एच.एस. धुर्वे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

#### यथास्थिति की जानकारी अपडेट करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने एक वर्ष से अधिक अवधि में अनुबंधित नल-जल योजना की अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नल-जल योजना के अंतर्गत पोर्टल में योजना की स्थिति का परीक्षण कर जानकारी अपडेट करें, जिससे नल-जल योजना के पोर्टल पर नल जल योजना की वास्तविक वस्तुस्थिति की जानकारी स्पष्ट रूप से प्राप्त हो सके। बैठक में कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री से नल-जल योजना में आने वाले समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यपालन यंत्री ने कलेक्टर को राजस्व, विद्युत विभाग एवं वन विभाग से संबंधित समस्याओं की जानकारी दी। जिस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए नल-जल योजना का कार्य पूर्ण करें तथा संबंधित विभागों से जो भी समस्याएं आ रही है, उन समस्याओं के संबंध में समय सीमा की बैठक में अवगत कराएं, जिसे तत्काल निराकरण किया जा सके। बैठक में कलेक्टर ने नल-जल योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के वार्षिक लक्ष्य के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। जिस पर अधिकारियों ने कलेक्टर को अवगत कराया कि वर्ष 2024-25 में योजना के अंतर्गत 25292 का वार्षिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें से अभी तक 5059 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राथमिकता के आधार पर नल-जल योजना के कार्य पूर्ण कराए जांए, जिससे लोगों को जल्द से जल्द योजना का लाभ मिल सके।

# विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष के साथ मारपीट

## एसपी ने दिये जांच के आदेश

नरसिंहपुर।

बीती शाम जिले के मुंगवानी थाना क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के जिला अध्यक्ष राव बहादुर सिंह के साथ बुधवार की शाम मारपीट हो गई। घटना के बाद मुंगवानी थाने के सामने पहुंचकर राव बहादुर सिंह ने एक वीडियो बनवाया और उसमें भाजपा समर्पित कथित लोगों के ऊपर जान से मारने की कोशिश करने के आरोप लगाए। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक द्वारा जांच के आदेश दिये गये। जांच के उपरांत ही कुछ स्पष्ट हो सकता है ।



### गोली चलाये जाने की खबर

शोसल मीडिया मे शेयर किये गये वीडियो में कहा गया है कि कुछ लोगो द्वारा उनके साथ जमकर मारपीट गई और जान से मारने का लक्ष्य बनाकर गोली भी चलाई लेकिन गनीमत रही कि गोली लग नही पाई। आरोपियों द्वारा लाठी डंडे से मारपीट की गई जिससे हाथ पैर व सिर मे चोट आई । घटना के बाद पीड़ति जिला अध्यक्ष द्वारा मुंगवानी मे शिकायत भी दर्ज काराई गई । पुलिस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पीड़ति द्वारा भाजपा के बड़े नेताओं के नाम भी लिये जा रहे है । पुलिस की जांच मे ही खुलासा हो सकेगा ।

### मामला इस प्रकार

पीड़ति विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष राव बहादुर द्वारा वीडियो मे बताया गया कि मेरे ऊपर हमला हुआ है, हमला गिट्टी क्रेशर संचालक कोई भोला और सुनील पटेल झामर और पंडित नाम के व्यकित का नाम लिया जा रहा है। इनके द्वारा मेरी गाड़ी को रोका और गाड़ी रोककर कट्टा दिखाया बोले तुझे गोली मार दूंगा, मेरा फोन छीनने की कोशिश की मुझे लट्ठों से मारा मेरे पैर में चोट है। उक्त घटना मे मेरे सिर व हाथ पैर मे भी चोट आई । जिसकी शिकायत भी की गई है । मेरा विश्व हिंदू परिषद के सभी सदस्यों से अनुरोध है की कृपया नरसिंहपुर जिला की इस घटना जो की भाजपा समर्पित लोगों ने मेरे साथ ऐसा किया है, इसके लिए मैं खुद भी शर्मिंदा हूं, कि में दायित्व वान कार्यकर्ता हूं।

### जान से मारने की धमकी

मुझे जान से मारने की धमकी दी कट्टा निकाला गोली मारने की कोशिश की गई । राव बहादुर सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं विहिप के सदस्यों और समर्थकों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और स्थानीय प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। थाना मुंगवानी अंतर्गत मारपीट की घटना में एसपी अमित कुमार ने संज्ञान लेकर पीड़ति का मेडिकल परीक्षण कराया है, जिसके बाद गवाहों और पीड़ति के कथन लिए गए। कथनों मे विरोधाभास होने से जांच कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### कलचुरी महिला मण्डल द्वारा स्कूली बच्चों को रेनकोट वितरित



**नरसिंहपुर।** गत दिवस हैहय क्षत्रिय कलार महिला मण्डल नरसिंहपुर द्वारा विगत दिवस कार्यक्रम आयोजित कर संजय माध्यमिक शाला पुलिस लाईन नरसिहपुर में बच्चों को रेनकोट वितरित किये गये तथा महिला मंडल की सदस्यों द्वारा प्रकृति संरक्षण हेतु वृक्षारोपण भी किया गया। शाला प्रभारी संजय चैबे द्वारा कलार महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमति प्रीति प्रदीप राय एवं वरिष्ठ सदस्यों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल की संरक्षक गोदावरी राय, सरोज राय, अर्चना राय, स्वाति जायसवाल, प्रतिभा राय, ज्योत्सना राय, आरती राय, जयश्री राय, मीनू महाजन, इंदिरा राय, मुक्ति राय, सरिता राय तथा रेनू जायसवाल, राय सहित शाला के बच्चों की बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं ।

### जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**नरसिंहपुर।** गत दिवस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में प्राचार्य डॉ.आर.बी.सिंह के निर्देशन एवं रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जी.एस. मर्सकोले व छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो. ज्योत्स्ना झारिया के मार्गदर्शन में जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में जनसंख्या वृद्धि का विकास और पर्यावरण पर प्रभाव विषय पर प्रश्न मंच एवं व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जी.एस.मर्सकोले द्वारा छात्रों को सर्वप्रथम विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या वृध्दि के कारण और समाधान बताकर जागरूक रहने की अपील की।वहीं छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो. ज्योत्स्ना झारिया ने जनसंख्या वृद्धि के रोकथाम के उपायों एवं राष्ट्र-विकास पर इसके प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर छात्र इकाई दलनायक देवांश पचैरी एवं छात्रा इकाई दलनायिका शिखा वर्मा के साथ-साथ वेदांत दुबे,सौरभ कुशवाहा,शिवम गोंड, रासिका चैरसिया,अंजना जाटव, चांदनी मेहरा,श्रुति गुप्ता, नेहा चैधरी, मानस गुप्ता,हर्षित चैरसिया,रोहित नौरिया, साहिल खान, श्रेयांशी मिश्रा, पलक गुप्ता आदि स्वयंसेवकों ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता की।

### महाराज श्री का 57 वां दीक्षा समारोह सम्पन्न



**नरसिंहपुर।** युग प्रवतक ब्रम्हलीन आचार्य विद्यासागर महाराज जी का 57 वां दीक्षा समारोह कंदेली स्थित जैन मंदिर जी में उपस्थित श्रावकों द्वारा मनाया गया। दीक्षा दिवस के पुनीत अवसर पर मंदिर जी में प्रातरू 8बजे महाराज श्री के तेलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया।

### स्वयंसेवकों ने किया वृक्षारोपण



**नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शास. स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के प्राचार्य डॉ आर. बी. सिंह के निर्देशन में एवं रासेयो छात्रा एवं छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. ज्योत्स्ना झारिया एवं डॉ जी. एस. मार्सकोले के मार्गदर्शन में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत आज महाविद्यालय के पुस्तकालय प्रांगण की वाटिका में आम के पौधों का रोपण किया गया।



## विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नरसिंहपुर।** शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में छात्राओं को आज विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल जोशी के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वैभव सक्सेना के मार्गदर्शन में छात्राओं को विश्व जनसंख्या दिवस पर बताया गया कि विश्व में लोगों की आबादी बढ़ने से पर्यावरण एवं कई तरह की परेशानी होकर गुजरना पड़ रहा है इसके अलावा छात्राओं को निःशुल्क वकील की सहायता, न्याय सब के लिए एक जैसा है, इसमें नागरिकों को शीघ्र, सस्ता, सुलभ न्याय उपलब्ध कराया जाता है एवं समय समय पर लोक अदालत लगती है इसमें सभी समस्याओं का समाधान होता है एवं छात्राओं को न्यायालय की कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी, कुछ नये कानून संशोधित अधिनियम, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, मोबाइल का सदुपयोग दुरुपयोग एवं सायबर क्राइम के बारे में विस्तार से बताया गया कई सरकारी विभागों के टोल फ्री फोन नंबर एवं केंद्र सरकार राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही अच्छा व्यक्ति बनने के गुण बताये गए एवं शपथ ली गई दहेज न लेंगे न ही देंगे और समाज में बाल विवाह न करने के लिए बोला गया वाहन चालक के नियम भी बताए गए सभी छात्राओं को लाइसेंस, गाड़ी के कागजात रखने के लिए बोला गया अगर आपके आसपास में महिलाओं को यौवन शोषण, ब्लात्कार, घरेलू हिंसा होती है तो तत्काल थाने में अथवा आपके मोबाइल से एफआईआर दर्ज करवाये जिससे न्यायालय उसको कड़ी सजा दे सकता है एवं कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं को योजनाओं से संबंधित जानकारी के पंपलेट बांटे गए संस्था में कार्यरत प्राचार्या श्रीमति कृष्णा शर्मा, डॉ नंदना शिल्पकार, कुमारी चन्द्रप्रभा नेमा, एल. एन. रजक आदि उपस्थित रहे ।

# नवोदय विद्यालय पहुँचकर कलेक्टर ने बच्चों को किया मोटिवेट





नरसिंहपुर।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गुरूवार को जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी का जायजा लिया। उन्होंने यहां पीओपी से निर्मित म्यूजियम कार्नर का लोकार्पण किया। विद्यालय में स्थित बुद्ध पार्क में एनएसएस छात्र- छात्राओं की सहभागिता से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने यहां अशोक का पौधा रोपा और कहा कि रोपे गये पौधों को संरक्षित करना और उसकी देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने छात्र- छात्राओं के शैक्षिक उपयोग के लिए बनाये गये गणित पार्क, भूगोल पार्क, 11 वीं और 12 वीं शताब्दी की प्राचीन मूर्तियों का अवलोकन किया। अटल लेब में निश्चय जैन द्वारा रेट्रोस्कोप, टेलिस्कोप, उदयराज कौरव व सत्यम द्वारा चंद्रयान 3, यशस्वी पटेल द्वारा पेपर डिटेक्टिंग मशीन, ध्रुव साहू एवं उनकी टीम द्वारा प्रोजेक्टर का प्रस्तुतिकरण दिया। कलेक्टर द्वारा छात्र- छात्राओं द्वारा अटल लेब में स्वनिर्मित प्रोजेक्ट की सराहना कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। नवोदय विद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती पटले ने छात्र- छात्राओं से अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा किये। उन्होंने नवोदय विद्यालय में पहले कदम को टर्निंग प्वाइंट बताया। उन्होंने कहा कि तकनीक के कारण पहले से अब और अच्छे कांसेप्ट के साथ सिस्टम उपलब्ध हैं, जिनका शिक्षा में भरपूर प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि यह आप पर निर्भर करता है कि आप शिक्षक के ज्ञान को कितना ग्रहण कर रहे हैं। सफलता के लिए हार्डवर्क के साथ खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी सहभागिता करें। कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं से मंच से वन टू वन सवाल पूछने के लिए कहा। बच्चों ने भी पूरे उत्साह से चर्चा की। एसडीएम श्रीमती कलावती व्यारे ने भी अपने छात्र जीवन के शैक्षणिक अनुभव साझा कर सफलता की कहानी के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अरुण तिवारी, उप संचालक कृषि उमेश कठेरे, उप प्राचार्य एस के अग्रवाल, डीपीसी, सीएचएमओ, जिला परियोजना समन्वयक डॉ. आरपी चतुर्वेदी और विद्यार्थी मौजूद थे।

# सोसायटी एवं वेयर हाउस में अनाज की चोरी करने वाले आरोपी पकड़ाये

नरसिंहपुर।

जिले के करेली थाना क्षेत्र में पुलिस ने सोसायटी और वेयरहाउस से अनाज की चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो कि प्रार्थी मनीष पिता विपिन जैन निवासी सगोरिया हाल निरंजन वार्ड करेली द्वारा 09 जुलाई 24 को रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसके वेयर हाउस ग्राम सगौरिया से 50 कट्टी मूंग चोरी गयी है प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के विरूद्ध अपराध क्र.604/24 धारा 331(4), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता का कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले में पूर्व में भी वेयर हाउस से चोरी होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम गठित कर अज्ञात आरोपियों की पतारसी हेतु निर्देशित किया गया। इसी तारतम्य में दिनांक 10 जुलाई 24 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि आमगाँव चैराहे पर एक छोटा हाथी लोडिंग वाहन में तीन लोग बैठे है जो तीनों व्यक्ति वेयर हाउस की चोरी के संबंध में बातचीत कर रहे है। सूचना पर गठित टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर संदेह के आधार पर लोडिंग वाहन छोटा हाथी में बैठे संदिग्ध व्यक्तियों को वाहन से उतारकर पूछताछ की गयी। जिसमें संदेहियों ने अपना नाम अनिल जाटव निवासी सिमरिया खुर्द थाना करेली, भागवेन्द्र मेहरा निवासी सिमरिया खुर्द थाना करेली एवं धनराज जाटव निवासी डुंगरिया थाना करेली का रहने वाले बताया एवं वेयर हाउस की चोरी के संबध में संलिप्तता प्रतीत होने पर तुरंत वाहन सहित अभिरक्षा में लेकर टीम द्वारा थाना लेकर आये एवं उक्त तीनों संदेहियों से बारीकी से घटना के संबध में पूछताछ की गयी। पूछताछ के उक्त तीनों आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी राहुल चैरसिया निवासी आमगाँव के साथ मिलकर योजनाबध्द तरिके से घटना दिनांक 04 जुलाई 24 को रात्रि में प्रार्थी मनीष जैन के ग्राम सगोरिया स्थित वेयर हाउस का रॉड से ताला तोड़कर 25 क्विंटल मूंग की कट्टियाँ चुराकर छोटा हाथी वाहन में भरकर करेली बस्ती निवासी गल्ला व्यापारी राजू नामदेव के महेन्द्र वार्ड स्थित गोदाम ले जाकर सस्ते दाम में बेच दिये तथा मिले हुए पैसे आपस में बाँट लिये। इसी क्रम में व्यापारी राजू नामदेव को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर राहुल चैरसिया, अनिल जाटव, भागवेन्द्र मेहरा से 50 कट्टी मूंग की खरीदना स्वीकार किया तथा 20 कट्टी मंडी में बेच देना और शेष 30 कट्टी अपने गोदाम में छिपाकर रखे होना बताया जिस पर आरोपी राजू नामदेव से 30 कट्टी मूंग की कीमती करीबन 1 लाख 20 हजार रुपये की तथा आरोपी अनिल जाटव, भागवेन्द्र मेहरा, धनराज जाटव से 10 हजार 500 रुपये कुल जुमला मशरुका 1 लाख 30 हजार 500 रुपये का एवं घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी वाहन कीमती 3 लाख रुपये का जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेआर पर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी राहुल चौरसिया निवासी आमगाँव घटना दिनांक से फरार है। इसी क्रम में आरोपी अनिल जाटव, भागवेन्द्र मेहरा, धनराज जाटव ने बरमान खुर्द स्थित नायक वेयर हाउस से भी करीब 3-4 माह पहले वेयर हाउस का ताला तोडकर 4 कट्टी चना एवं 22 कट्टी मूंग कीमती 80 हजार की चोरी कर मंडी में बेचकर ब्रिकी रकम को आपस में बाँटकर खर्च करना बताया। इसी तरह आरोपियों ने आमगाँव के पास बधुवार सोसायटी से भी 50-60 चावल की कट्टीयाँ चोरी करना स्वीकार किया और चावल की कट्टी राहुल चौरसिया के पास होना बताया है राहुल चौरसिया की तलाश पतासाजी की जा रही है।




## अस्पताल में चिकित्सकों की कमी



### सुविधाओं का टोटा

**तेंदूखेड़ा-** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा भगवान भरोसे चल रहा है। पूर्व से ही जहां डाक्टरों की कमी चल रही थी वहीं तीन डाक्टर और चले जाने से अब मात्र दो डाक्टरों के भरोसे ही अस्पताल चल रही है।इनमे एक डाक्टर का असमय निधन हो जाने तथा एक डाक्टर का प्रोमोशन हो जाने के चलते भोपाल चले जाने तथा एक का बान्ड पूर्ण हो जाने की स्थिति मे उक्त तीन डाक्टरों की कमी अस्पताल मे बनीं हुई है। विभिन्न प्रकार की बीमारियों के चलते जहां प्रतिदिन अस्पताल मे मरीजों की भीड़ देखी जा रही है। वहीं डाक्टरों की कमी के चलते गंभीर स्थिति बनी हुई है। पूर्व से स्वीकृत 23 पदों में 09 पद रिक्त पड़े हुए हैं। इनमें जहां चिकित्सा विशेषज्ञ,शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ, तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ की एक एक की जरूरत है लेकिन पद खाली पड़े हुए हैं।साथ ही ओप्थेलमिक अस्सिटेंड, लेखापाल,लेव सहायक,ड्रेसर,,ओटी सहायक, एक एक की जरूरत है वह भी खाली पड़ा हुआ है।वाडवाय जहां दो चाहिए वहां मात्र एक ही है। वाहन चालक है ही नहीं। अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी पांच है जो एक बंध पत्र चिकित्सक,दो संविदा, और दो रेग्युलर, एक आयुष चिकित्सक,08 स्टाप नर्स, एक लैव टेक्नीशियन, एक रेडियो ग्राफर, एक फार्मासिस्ट तैनात हैं।शेष पद रिक्त पड़े हुए हैं।

**आई सी यू वार्ड तैयार लेकिन चलाने वाले विशेषज्ञ नहीं-** कोविड काल की तैयारियों और नगण्य स्वास्थ्य सुविधाओं का खामियाजा लगभग हर परिवार ने भोगा है। जिसे लेकर सरकार ने अब हर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक गहन चिकित्सा कक्ष बनाने का निर्णय लिया है।कोविड काल में अपनी महती भूमिका निभाने वाली तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी 12 वेड गहन चिकित्सा कक्ष बन भी चुके है। चूंकि काम ऊपर से निर्धारित हुए ठेकेदार ने करवाया है।छुट पुट व्यवस्थाओं को छोड़कर काम हो भी चुका है। नौ वेड एक साथ और तीन वेड जनरल वार्ड में जगह के मान से स्थापित किए गए हैं।कक्ष बनकर तो तैयार है लेकिन इसे चलायेगा कौन। चूंकि इसे चलाने के लिए सुरक्षा गार्ड के कर्मी नहीं वरन एम डी डाक्टरों की आवश्यकता हुआ करती है और तेंदूखेड़ा की सरकारी अस्पताल स्वास्थ्य कर्मियों के नाम से अछूती है। यहां पर सीखने वाले वांड डाक्टर भेजकर केवल खानापूर्ति की जा रही है। कुछ संविदा डाक्टर और आयुष डाक्टर के कारण अस्पताल चल पा रही है नहीं तो भगवान ही मालिक है। सोचनीय विषय तो यह बना हुआ है कि भीषण गंभीर दुर्घटनाओं के समय उक्त स्टाप ही अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने तत्पर बना रहता है।

**सिविल अस्पताल की जरूरत-** तीन जिलों की सीमाओं पर स्थित 30 वेड वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा को अब सिविल अस्पताल बनाये जाने की जरूरत है। बढ़ती मरीजों की संख्या प्रसूति महिलाओं और दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए अस्पताल में जहां जगह कम पड़ने लगी है वहीं सुविधाओं के विस्तार की महती आवश्यकता है। अस्पताल में माननीयों द्वारा अपनी निधि से प्रदाय की गई सामग्री को रखने के लिए उचित व्यवस्था ना होने के कारण सामग्री बाहन इत्यादि खराब हो रहे हैं।

**सुरक्षा के उचित प्रबंध नहीं-** अस्पताल नगर के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग पर किनारे स्थित है। सुरक्षा की दृष्टि से कोई उचित व्यवस्था नहीं है। छोटे छोटे नवजात शिशुओं की सुरक्षा से लेकर गंभीर मरीजों फिर महिलाओं को रात्रि में अकेले रहने के साथ महिला स्वास्थ्य कर्मियों को भी यहां पर अकेला रहना हमेशा खतरों से खाली नहीं होता।

## 10 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**नरसिंहपुर।** बीते सप्ताह से रानीदुर्गावती वि.वि. जबलपुर के योग एवं दर्शन विभागाध्यक्ष प्रो.भरत कुमार तिवारी के मार्गदर्शन एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन में इंडोर खेल स्टेडियम रांझी, जबलपुर 02 जुलाई से 11 जुलाई 2024 तक 10 दिवसीय चल रहे योग प्रशिक्षण शिविर कैंप का समापन हुआ। प्रो.भारत कुमार तिवारी योग एवं दर्शन विभागाध्यक्ष, गुरुजन डॉ. राजेश कुमार पाण्डेय, डॉ रीना मिश्रा, डॉ, राजेश गोस्वामी, डॉ वंदना यादव, डॉ वर्षा अवस्थी श्रीमती श्रीवास्तव एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी जबलपुर के मुख्य अतिथि गुंजन श्रीवास्तव, की विशेष उपस्थिति में सरस्वती पूजन के साथ किया गया। इस



अवसर पर योगभ्यास कराने वाले शिविर संचालक रानीदुर्गावती वि.वि.के योग विभाग छात्र नरेंद्र यादव, दीपक कुमार चैबे, अनुराग पटेल,अंजू यादव, दिव्या सराठे, अर्चना यादव, नेहा विश्वकर्मा, एकता चैधरी ने कराया। अपने उद्बोधन में अतिथियों द्वारा योग के महत्व एवं उपयोगिता बताते हुए। सभी युवा वर्ग के लोगों को नियमित योग करने की अपील की गई है। शास .आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास ,रांझी के बच्चों को दीपक कुमार चैबे,एकता चैधरी ने योग प्रशिक्षण देकर ,छात्रों ने योग के मनमोहक आसनों का प्रदर्शन किया।